QB365-Question Bank Software

Series JSR

SET-2

कोड नं.
Code No. **4/2**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 18 प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

# संकलित परीक्षा - II
# SUMMATIVE ASSESSMENT - II

# हिन्दी
# HINDI

**( पाठ्यक्रम ब )**
**(Course B)**

*निर्धारित समय : 3 घण्टे*
*Time allowed : 3 hours*

*अधिकतम अंक : 90*
*Maximum Marks : 90*

***निर्देश :*** *(i) इस प्रश्न-पत्र के* ***चार*** *खंड हैं – क, ख, ग और घ।*

*(ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना* ***अनिवार्य*** *है।*

*(iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।*



QB365-Question Bank Software

## खण्ड-क

1. **निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** 2x4=8

यादें होती हैं गहरी नदी में उठी भँवर की तरह
नसों में उतरती कड़वी दवा की तरह
या खुद के भीतर छिपे बैठे साँप की तरह
जो औचक्के में देख लिया करता है
यादें होती हैं जानलेवा खुशबू की तरह
प्राणों के स्थान पर बैठे जानी दुश्मन की तरह
शरीर में धँसे उस काँच की तरह
जो कभी नहीं दिखता
पर जब-तब अपनी सत्ता का
भरपूर एहसास दिलाता रहता है
यादों पर कुछ भी कहना
खुद को कठघरे में खड़ा करना है
पर कहना ज़रूरत नहीं, मेरी मजबूरी है।

(क) यादों को गहरी नदी में उठी भँवर की तरह क्यों कहा गया है?

(ख) यादों को जानी दुश्मन की तरह मानने का क्या आशय है?

(ग) शरीर में धँसे काँच से यादों का साम्य कैसे बिठाया जा सकता है?

(घ) आशय स्पष्ट कीजिए -

''यादों पर कुछ भी कहना
खुद को कठघरे में खड़ा करना है।''



QB365-Question Bank Software

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2x6=12**

महात्माओं और विद्वानों का सबसे बड़ा लक्षण है- आवाज़ को ध्यान से सुनना। यह आवाज़ कुछ भी हो सकती है। कौओं की कर्कश आवाज़ से लेकर नदियों की छलछल तक। मार्टिन लूथर किंग के भाषण से लेकर किसी पागल के बड़बड़ाने तक। अमूमन ऐसा होता नहीं। सच यह है कि हम सुनना चाहते ही नहीं। बस बोलना चाहते हैं। हमें लगता है कि इससे लोग हमें बेहतर तरीके से समझेंगे। हालांकि ऐसा होता नहीं। हमें पता ही नहीं चलता और अधिक बोलने की कला हमें अनसुना करने की कला में पारंगत कर देती है। एक मनोवैज्ञानिक ने अपने अध्ययन में पाया कि जिन घरों के अभिभावक ज्यादा बोलते हैं, वहाँ बच्चों में सही-गलत से जुड़ा स्वाभाविक ज्ञान कम विकसित हो पाता है, क्योंकि ज्यादा बोलना बातों को विरोधाभासी तरीके से सामने रखता है और सामने वाला बस शब्दों के जाल में फँसकर रह जाता है। बात औपचारिक हो या अनौपचारिक, दोनों स्थितियों में हम दूसरे की न सुन, बस हावी होने की कोशिश करते हैं। खुद ज्यादा बोलने और दूसरों को अनसुना करने से जाहिर होता है कि हम अपने बारे में ज्यादा सोचते हैं और दूसरों के बारे में कम। ज्यादा बोलने वालों के दुश्मनों की भी संख्या ज्यादा होती है। अगर आप नए दुश्मन बनाना चाहते हैं, तो अपने दोस्तों से ज्यादा बोलें और अगर आप नए दोस्त बनाना चाहते हैं, तो दुश्मनों से कम बोलें। अमेरिका के सर्वाधिक चर्चित राष्ट्रपति रूजवेल्ट अपने माली तक के साथ कुछ समय बिताते और इस दौरान उनकी बातें ज्यादा सुनने की कोशिश करते। वह कहते थे कि लोगों को अनसुना करना अपनी लोकप्रियता के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। इसका लाभ यह मिला कि ज्यादातर अमेरिकी नागरिक उनके सुख में सुखी होते, और दुख में दुखी।

(क) अनसुना करने की कला क्यों विकसित होती है?

(ख) अधिक बोलने वाले अभिभावकों का बच्चों पर क्या प्रभाव पड़ता है और क्यों?

(ग) अधिक बोलना किन बातों का सूचक है?

(घ) रूज़वेल्ट की लोकप्रियता का क्या कारण बताया गया है?

(ङ) तर्कसम्मत टिप्पणी कीजिए - "हम सुनना चाहते ही नहीं।"

(च) अनुच्छेद का मूल भाव तीन-चार वाक्यों में लिखिए।



QB365-Question Bank Software

QB365-Question Bank Software

## खण्ड-ख

3. (i) शब्द क्या है? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए। **1+1=2**

(ii) शब्द वाक्य में प्रयुक्त होने पर क्या कहलाता है?

4. **निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :** **1x3=3**

(i) मैंने एक बहुत बीमार व्यक्ति को देखा।
(संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(ii) यद्यपि वह बहुत मेहनती है फिर भी सफल नहीं हो सका।
(रचना के आधार पर वाक्य भेद बताइए)

(iii) शरीर से कमजोर व्यक्ति के लिए यह प्रतियोगिता नहीं है।
(मिश्र वाक्य में बदलिए)

5. (क) निम्नलिखित का विग्रह करके समास का नाम बताइए : **1+1=2**

जनहित, मधुरफल

(ख) निम्नलिखित का समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए : **1+1=2**

स्वप्न देखने वाला, अपनी रक्षा

6. **निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए :** **1x4=4**

(क) एक गरम कप चाय पीलो।

(ख) उससे हमारा बात हो गया है।

(ग) यहाँ केवल मात्र दो पुस्तकें रखी हैं।

(घ) वह तुमसे भली भाँति सुपरिचित है।



QB365-Question Bank Software

7. **निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए :** **1+1=2**
पानी-पानी होना, सिर पर कफन बाँधना।

## खण्ड-ग

8. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** **2+2+1=5**
(क) ओचुमेलॉव की दो चारित्रिक विशेषताओं का अपने शब्दों में उल्लेख कीजिए।
(ख) 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर लिखिए कि समुद्र के गुस्से का क्या कारण था? उसने अपना गुस्सा कैसे व्यक्त किया?
(ग) सआदत अली कौन था? कर्नल उसे अवध के तख्त पर क्यों बिठाना चाहता था?

9. पाठ के आधार पर प्रतिपादित कीजिए कि दूसरों के दुख से दुखी होने वाले लोग अब कम मिलते हैं। **5**

10. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **2+2+1=5**

संसार की रचना भले ही कैसे हुई हो लेकिन धरती किसी एक की नहीं है। पंछी, मानव, पशु, नदी, पर्वत, समंदर आदि की इसमें बराबर की हिस्सेदारी है। यह और बात है कि इस हिस्सेदारी में मानव जाति ने अपनी बुद्धि से बड़ी-बड़ी दीवारें खड़ी कर दी हैं। पहले पूरा संसार एक परिवार के समान था अब टुकड़ों में बँटकर एक दूसरे से दूर हो चुका है।

(क) 'मानव जाति ने अपनी बुद्धि से बड़ी-बड़ी दीवारें खड़ी कर दीं'- कथन का क्या आशय है?
(ख) परिवार के टुकड़ों में बँटकर एक दूसरे से दूर होने के क्या कारण हैं?
(ग) आशय समझाइए धरती किसी एक की नहीं है।

11. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** **2+2+1=5**
(क) बिहारी ने ईश्वर प्राप्ति में किन साधनों को साधक और किनको बाधक माना है?
(ख) महादेवी वर्मा अपने दीपक को किस प्रकार जलने के लिए कह रही है और क्यों?
(ग) 'कर चले हम फ़िदा' गीत की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि क्या है?

12. 'आत्मत्राण' कविता में कवि की प्रार्थना से क्या संदेश मिलता है? अपने शब्दों में लिखिए। 5

13. घर वालों के मना करने पर भी टोपी का लगाव इफ़्फ़न के घर और उसकी दादी से क्यों था? दोनों के अनजान, अटूट रिश्ते के बारे में मानवीय मूल्यों की दृष्टि से अपने विचार-लिखिए। 5

**खण्ड-घ**

14. **दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए :** 5

(क) **मित्रता**

- मित्रता का महत्त्व
- अच्छे मित्र के लक्षण
- लाभ-हानि

(ख) **दहेज प्रथा - एक अभिशाप**

- सामाजिक समस्या
- रोकथाम के उपाय
- युवकों का कर्त्तव्य

(ग) **कम्प्यूटर**

- उपयोगी वैज्ञानिक आविष्कार
- विविध क्षेत्रों में कंप्यूटर
- लाभ-हानि

15. नेशनल बुक ट्रस्ट के प्रबंधक को पत्र लिखकर हिंदी में प्रकाशित नवीनतम बाल साहित्य की पुस्तकें भेजने हेतु अनुरोध कीजिए। 5

16. खाद्य-पदार्थों में होने वाली मिलावट के बारे में मित्र के साथ हुए संवाद को लगभग **50** शब्दों में लिखिए। **5**

17. विद्यालय में आयोजित होने वाली वाद-विवाद प्रतियोगिता के लिए एक सूचना लगभग **30** शब्दों में साहित्यिक क्लब के सचिव की ओर से विद्यालय सूचना पट के लिए लिखिए। **5**

18. अपने पुराने मकान के बेचने संबंधी विज्ञापन का आलेख लगभग **25** शब्दों में तैयार कीजिए। **5**

अंक–योजना मार्च, 2016

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/1, 4/2, 4/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | **'खंड क'** | |
| 1 | 1 | 2 | 1 | | |
| | (क) | (क) | (क) | • अधिक बोलने की कला के कारण<br>• दूसरों की बात न सुनने की इच्छा | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | • बच्चे सही–गलत का निर्णय नहीं कर पाते<br>• अधिक बोलने से उत्पन्न विरोधाभासी शब्दों के जाल में फँस जाने के कारण | 1+1=2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | • अपने बारे में ज़्यादा सोचने का<br>• दूसरों के बारे में कम सोचने का<br>• दूसरों पर हावी होने की कोशिश करने का<br>(किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | • स्वयं कम बोलकर दूसरों की अधिक सुनना।<br>• अपने माली जैसे सामान्य जन के साथ समय बिताना। | 1+1=2 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | • स्वयं को बेहतर दिखाने की इच्छा होती है और हम दूसरों को बोलने का अवसर ही नहीं देना चाहते।<br>• आमतौर से हम सुनना कम और बोलना अधिक चाहते हैं। | 2 |
| | (च) | (च) | (च) | • विद्वान व्यक्ति बोलते कम और सुनते अधिक हैं।<br>• अधिक बोलने वाले व्यक्ति के मित्र कम और शत्रु अधिक होते हैं।<br>• सामान्य लोगों को सुनना लोकप्रियता का कारण बनता है। | 2 |

अंक–योजना मार्च, 2016

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/1, 4/2, 4/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 2 | 2 (क) | 1 (क) | 2 (क) | तेज़ी से घूमते भँवर के समान यादें मन को अशांत कर उसे अतीत की गहराई में ले जाती हैं। | 2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | • चैन से नहीं रहने देतीं।<br>• पीड़ा पहुँचाती हैं।<br>• आगे नहीं बढ़ने देतीं।<br>(कोई दो बिंदु स्वीकार्य) | 1+1=2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | शरीर में धँसा काँच अदृश्य होकर भी पल–पल चुभन पहुँचाता है उसी तरह यादें भी जीवन भर मन को कष्ट देती रहती हैं। | 2 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | यादें अनेक प्रकार की हो सकती हैं, वे हमारी ही सोच या कार्यों से उत्पन्न होती हैं इसलिए उनके बारे में कोई भी मंतव्य स्थापित करना स्वयं को दोषी बना सकता है। | 2 |
| | | | | **खंड 'ख'** | |
| 3 | 3 (i) | 3 (i) | 3 (i) | ध्वनियों की स्वतंत्र, सार्थक इकाई शब्द कहलाती है।<br>जैसे – लड़की | ½ +½ =1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | पद | 1 |

अंक–योजना मार्च, 2016

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/1, 4/2, 4/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 4 | 4 | – | – | | |
| | (i) | – | – | वह बाज़ार गया क्योंकि उसे पुस्तक लेनी थी / जब उसे पुस्तक लेनी थी तब वह बाज़ार गया। / चूँकि / क्योंकि उसे पुस्तक लेनी थी इसलिए वह बाज़ार गया। | 1 |
| | (ii) | – | – | तुमने अच्छी घड़ी खरीदी। | 1 |
| | (iii) | – | – | वह वाचनालय गया और समाचार–पत्र पढ़ने लगा। | 1 |
| | – | 4 | – | | |
| | – | (i) | – | मैंने एक व्यक्ति को देखा और वह बहुत बीमार था। | 1 |
| | – | (ii) | – | मिश्र वाक्य | 1 |
| | – | (iii) | – | जो व्यक्ति शरीर से कमज़ोर है उसके लिए यह प्रतियोगिता नहीं है। | 1 |
| | – | – | 4 | | |
| | – | – | (i) | जो माता–पिता की सेवा करते हैं उन्हें किसी अन्य की सेवा नहीं चाहिए।। | 1 |
| | – | – | (ii) | वह प्रात:काल टहलता है इसलिए स्वस्थ रहता है। | 1 |
| | – | – | (iii) | सरल वाक्य | 1 |
| 5 | 5 | – | – | | |
| | (क) | – | – | दहेज की प्रथा – तत्पुरुष समास | ½ +½ =1 |
| | | | | महान है जो आत्मा – कर्मधारय समास | ½ +½ =1 |
| | (ख) | – | – | नवयुवक – कर्मधारय समास | ½ +½ =1 |
| | | | | ध्यानमग्न – तत्पुरुष समास | ½ +½ =1 |

अंक–योजना मार्च, 2016

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/1, 4/2, 4/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. 1 | 2 | 3 | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | – | 5 | – | | |
| | – | (क) | – | जन का हित – तत्पुरुष समास | ½ +½ =1 |
| | | | | मधुर है जो फल – कर्मधारय समास | ½ +½ =1 |
| | – | (ख) | – | स्वप्नदर्शी – कर्मधारय समास | ½ +½ =1 |
| | | | | आत्मरक्षा – तत्पुरुष समास | ½ +½ =1 |
| | – | – | 5 | | |
| | – | – | (क) | चिंता से रहित – तत्पुरुष समास | ½ +½ =1 |
| | | | | शुभ है जो दिन – कर्मधारय समास | ½ +½ =1 |
| | – | – | (ख) | मातृभक्त – तत्पुरुष समास | ½ +½ =1 |
| | | | | चंद्रमुख – कर्मधारय समास | ½ +½ =1 |
| 6 | 6 | – | – | | |
| | (क) | – | – | हम यहाँ सकुशल हैं। / हम यहाँ कुशलपूर्वक हैं। | 1 |
| | (ख) | – | – | आज लगभग एक दर्जन छात्र नहीं आए हैं। | 1 |
| | (ग) | – | – | कृपया आज का अवकाश दें। / आज का अवकाश देने की कृपा करें। | 1 |
| | (घ) | – | – | मोहन घर गया और सो गया। | 1 |

अंक–योजना मार्च, 2016

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/1, 4/2, 4/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. 1 | 2 | 3 | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | – | 6 | – | | |
| | – | (क) | – | एक कप गरम चाय पी लो। | 1 |
| | – | (ख) | – | उससे हमारी बात हो गई है। | 1 |
| | – | (ग) | – | यहाँ केवल / मात्र दो पुस्तकें रखी हैं। | 1 |
| | – | (घ) | – | वह तुमसे भली–भाँति परिचित है। / वह तुमसे सुपरिचित है। | 1 |
| | – | – | 6 | | |
| | – | – | (क) | हमें पिताजी से मिलना है। | 1 |
| | – | – | (ख) | उत्तम चरित्र–निर्माण हमारा लक्ष्य होना चाहिए। | 1 |
| | – | – | (ग) | कितने लोग हमारी बुराई करते रहते हैं। | 1 |
| | – | – | (घ) | शिक्षक ने शशांक को बुलाया। | 1 |
| 7 | 7 | 7 | 7 | अर्थपूर्ण एवं उचित वाक्यों पर अंक दिए जाएँ। | 1+1=2 |
| 8 | 8 | 8 | 8 | | |
| | (क) | (क) | (क) | चापलूस, स्वार्थी, मौकापरस्त / अवसरवादी, दोहरा चरित्र, दिखावटी, भ्रष्टाचारी, रिश्वतखोर।<br>(किन्हीं दो बिंदुओं पर चर्चा अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | • महानगरीकरण के कारण समुद्री ज़मीन को घेरकर इमारतों का निर्माण।<br>• लहरों में तैरते तीन जहाज़ों को तीन अलग–अलग दिशाओं में फेंक दिया। | 1+1=2 |

अंक–योजना मार्च, 2016

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/1, 4/2, 4/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (ग) | (ग) | (ग) | • आसिफ़उद्दौला का छोटा भाई तथा वज़ीर अली का चाचा।<br>• उसके माध्यम से अवध में अपना साम्राज्य स्थापित कर सम्पत्ति हड़पना चाहता था। | ½ +½ =1 |
| 9 | 9 | – | – | • अमेरिका से प्रतिस्पर्धा।<br>• एक माह का काम एक दिन में करने का प्रयत्न।<br>• दिमाग में स्पीड का इंजन लगना।<br>• एक दूसरे से आगे बढ़ने की होड़।<br>(उपयुक्त विस्तार सहित छात्रों द्वारा दिए गए तर्क संगत उत्तर अपेक्षित) | 2+3=5 |
| 9 | – | 9 | – | • स्वार्थ सिद्धि – 'स्व' की भावना के कारण परोपकारिता का अभाव<br>• जीवन मूल्यों में गिरावट – भाई-चारे की कमी (सौहार्दभाव की कमी) के कारण<br>• संवेदनहीनता – दूसरों के दुख में समभागी न होना।<br>• एकल परिवार का बढ़ना – जीविकोपार्जन की मजबूरी।<br>(उपयुक्त विस्तार अपेक्षित) | 5 |
| | – | – | 9 | तैयारी –<br>शांत वातावरण, तातामी चटाई से युक्त पर्णकुटी, एक समय में दो या तीन व्यक्तियों का ही प्रवेश, चाज़ीन द्वारा स्वागत, अँगीठी सुलगाना, चायदानी रखना, बरतन लाकर तौलिए से साफ़ करना। | |

अंक–योजना मार्च, 2016

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/1, 4/2, 4/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | प्रभाव –<br>दिमाग की गति धीमी होना और फिर बंद हो जाना, तनावमुक्ति, वर्तमान से जुड़ाव<br>(उपयुक्त विस्तार अपेक्षित) | 5 |
| 10 | 10 (क) | 10 (क) | 10 (क) | प्राकृतिक संपदा प्राणियों में भेदभाव नहीं करती किंतु वैज्ञानिक उपलब्धि व स्वार्थ के कारण मनुष्य ने उस पर अपना नियंत्रण कर लिया है। पहले यह संसार एक परिवार के समान था, अब वह टुकड़ों में बँट गया है। | 2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | जीविकोपार्जन, स्वार्थ सिद्धि, जनसंख्या वृद्धि, वैचारिक भिन्नता, वर्तमान जीवन शैली<br>(किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) | 2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | इस धरती पर सभी की बराबर की हिस्सेदारी है और सभी इसका समान रूप से उपभोग करते हैं। | 1 |
| 11 | 11 (क) | 11 (क) | 11 (क) | साधक – सच्चा मन और भक्ति।<br>बाधक – बाह्य आडम्बर एवं सांसारिक आकर्षण | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | • सभी परिस्थितियों में प्रसन्नतापूर्वक जलने के लिए<br>• प्रियतम के पथ को आलोकित करने के लिए | 1+1=2 |

अंक-योजना मार्च, 2016

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/1, 4/2, 4/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (ग) | (ग) | (ग) | भारत-चीन युद्ध। | 1 |
| 12 | 12 | 12 | - | • जीवन-भार स्वयं वहन कर सकें।<br>• सुख के समय में भी प्रभु को निरंतर याद रखें।<br>• ईश्वर की शक्ति और करुणा पर विश्वास रखें<br>• विपत्तियों और बाधाओं में आत्मबल, आत्मविश्वास व आत्मनिर्भरता बनाए रखें।<br>(उपयुक्त विस्तार अपेक्षित) | 5 |
| | – | – | 12 | देशभक्ति की भावना सर्वोपरि है। अपने प्राणों का बलिदान देकर भी देश की रक्षा करने का सिलसिला जारी रहना चाहिए। हमें देश की मर्यादा एवं मान-सम्मान को ठेस पहुँचाने वाले दुश्मनों को मुँहतोड़ जवाब देना चाहिए। हमें देश भक्तों द्वारा बहाए गए रक्त को सदैव याद रखना चाहिए। | 5 |
| 13 | 13 | 13 | 13 | • एक ही बोली बोलने के कारण<br>• स्नेह के कारण<br>• आत्मीयता के कारण<br>(मानवीय मूल्यों पर आधारित उपयुक्त उत्तर अपेक्षित) | 2+3=5 |

QB365-Question Bank Software

अंक–योजना मार्च, 2016

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/1, 4/2, 4/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | **खंड 'घ'** | |
| 14 | 14 | 14 | 15 | अनुच्छेद लेखन | |
| | | | | • विचारों की मौलिकता | 2 |
| | | | | • प्रस्तुति | 2 |
| | | | | • विषयानुकूल भाषा | 1 |
| | | | | | 5 |
| 15 | 15 | 15 | 14 | पत्र लेखन | |
| | | | | • प्रारूप | 1 |
| | | | | • विषयवस्तु | 3 |
| | | | | • विषयानुकूल भाषा | 1 |
| | | | | | 5 |
| 16 | 16 | 17 | 16 | सूचना लेखन | |
| | | | | • प्रारूप एवं प्रस्तुति | 2 |
| | | | | • विचारों की मौलिकता | 2 |
| | | | | • विषयानुकूल भाषा | 1 |
| | | | | | 5 |
| 17 | 17 | 16 | 17 | संवाद लेखन | |
| | | | | • प्रस्तुति | 2 |
| | | | | • विचारों की मौलिकता | 2 |
| | | | | • विषयानुकूल भाषा | 1 |
| | | | | | 5 |



QB365-Question Bank Software

अंक–योजना मार्च, 2016

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 4/1, 4/2, 4/3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 18 | 18 | 18 | 18 | विज्ञापन लेखन<br>• प्रस्तुति<br>• विचारों की मौलिकता<br>• विषयानुकूल भाषा | <br>2<br>2<br>1<br>5 |